अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, मधुबनी।

पत्रांक :– 28 अनु० /मधुबनी। दिनांक :– 10/01/2025

प्रेषक,

ई० दीपनारायण प्रसाद
अधीक्षण अभियन्ता।

सेवा में,

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, फुलपरास।

विषयः– **MMGSUY (Emergent Work/ Departmental Work ) अंतर्गत विभागीय कार्य हेतु कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–02/2024–25 का तकनीकी वीड का तुलनात्मक विवरणी अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

प्रसंगः– आपका पत्रांक–13 अनु0, दिनांक–09.01.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र से आपके द्वारा MMGSUY (Emergent Work/ Departmental Work ) के तहत विभागीय कार्य हेतु कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–02/2024–25 का तकनीकी वीड की तुलनात्मक विवरणी अनुमोदन की कार्रवाई हेतु अंचल कार्यालय को उपलब्ध कराया गया है। जिसके समीक्षोपरांत पाया गया कि इसमें कुल तीन निविदाकारों यथा :– 1. श्री फुलदेव यादव, साननपट्टी, मधुबनी 2. श्री अमरनाथ झा, नवादा, बहेड़ा, दरभंगा एवं 3. मेसर्स भगवती इन्टरप्राईजेज, धर्मशाला रोड, पूर्णियाँ के द्वारा भाग लिया गया है। तुलनात्मक विवरणी के समीक्षोपरांत पाया गया कि उक्त तीनों निविदाकारों में श्री फुलदेव यादव, साननपट्टी, मधुबनी न्यूनतम दरदाता है।

अतः न्यूनतम दरदाता श्री फुलदेव यादव के दर को अनुमोदित कर विभागीय दिशा–निर्देश के आलोक में कार्य कराने हेतु तुलनात्मक विवरणी मूल में अग्रेत्तर कार्रवाइ हेतु आपको उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही निदेश दिया जाता है कि भुगतान वास्तविक रूप से प्राप्त सामग्री एवं अन्य उपयोग किये गये अवयवों तथा अधिष्ठापन की गई मात्रा के आधार पर किया जाये एवं किसी भी परिस्थिति में अनुमोदित दर से अधिक का भुगतान नहीं किया जाए तथा विभागीय कार्य हेतु बिहार लोक निर्माण लेखा संहिता तथा बिहार लोक निर्माण विभाग संहिता का अनिवार्य रूप से अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

अनु0:–यथोक्त।

विश्वासभाजन,

10/01/25

अधीक्षण अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, मधुबनी।

10/01/2025